<u>समाचार</u>

# कोरबा के टी.पी.नगर गुरूद्वारा में 40 लाख रू. के होंगे विकास कार्य

## (उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ विकास कार्यो का भूमिपूजन)




कोरबा 24 जनवरी 2026 – कोरबा के टी.पी.नगर स्थित गुरूद्वारा में 40 लाख रूपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे, आज प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में इन विकास कार्यो का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। इस मौके प र उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने निर्माण एजेंसी को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य संपादित करने एवं कार्य में अपेक्षित गति लाते हुए समयसीमा में कार्य को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

कोरबा के टी.पी.नगर स्थित गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा परिसर में सी.एस.आर. मद से 40 लाख रूपये की लागत से पेवर ब्लाक लगाया जाना व अन्य विकास कार्य कराया जाना है, आज इन विकास कार्यो का भूमिपूजन उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि समाज की बहुप्रतीक्षित मांग थी जो गुरूजी की कृपा से आज पूरी हुई है, उन्होने कहा कि समाज के सदस्यों ने

विकास कार्य हेतु साढ़े 38 लाख रूपये का व्यय बताया था किन्तु सी.एस.आर. मद से इस कार्य हेतु 40 लाख रूपये की स्वीकृति दिलवाई गई हैं ताकि कार्य में धनराशि की कमी न हों। उन्होने आगे कहा कि कोरबा के सभी समाज के लोगों का आशीर्वाद मुझे सदैव मिलता रहा है, मैं आभारी हूॅं कोरबा क्षेत्र के अपने सम्माननीय नागरिकबंधुओं का जिन्होने मुझे अपनी सेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होने आगे कहा कि हमारा सिख समाज त्याग, वीरता व बलिदान के लिए हमेशा से जाना जाता रहा है, मैं आभारी हूॅं कि समाज ने मुझे भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया है। मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि यहॉं पर स्थित लंगर हाल जीर्णोद्धार कराए जाने की घोषणा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई है, इस कार्य में जो भी कमीबेशी होगी, उसे पूरा करने के लिए मैं सदैव तत्पर रहॅूंगा।

**<u>महापौर ने की लंगर हाल जीर्णोद्धार की घोषणा</u>** – इस अवसर पर समाज के बंधुओं की मांग पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने गुरूद्वारा प्रांगण में स्थित लंगर हाल के जीर्णोद्धार कराए जाने की घोषणा की। उन्होने आगे कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के द्वारा गुरूद्वारा प्रांगण में इन विकास कार्यो की जो सौगात आज दी गई है, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूॅं, हमारा सौभाग्य है कि कोरबा के विकास हेतु उद्योग मंत्री श्री देवांगन लगातार विभिन्न मदों से फण्ड की व्यवस्था करा रहे हैं, इसी की परिणाम स्वरूप सभी वार्डो में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि कोरबा के नागरिकबंधुओं की मैं आभारी हूॅं कि उन्होने मुझे सेवा का अवसर प्रदान किया, मैं आश्वस्त करना चाहॅूंगी कि उनके इस भरोसे को कायम रखा जाएगा तथा उनके हर सुख दुख में मैं साथ में खड़ी रहॅूंगी।

**<u>श्री देवांगन ने अपने महापौर कार्यकाल में दी थी लंगरहाल की सौगात</u>** – इस मौके पर गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा प्रबंधन कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री अमरीक सिंह धंजल ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जब कोरबा के महापौर थे तो उन्होने गुरूद्वारा प्रांगण में लंगर हाल की सौगात दी थी, यहॉं पर प्रकाश व्यवस्था के साथ अन्य विकास कार्य उनके द्वारा कराए गए थे। उन्होने कहा कि श्री देवांगन से जब हमने उस समय लंगर हाल निर्माण का आग्रह किया तो उन्होने कहा था कि ड्राईंग आपकी होगी, फण्ड हमारा होगा, समाज के लोग जैसा चाहेंगे, वैसा ही लंगर हाल यहॉं पर बनेगा। उन्होने कहा कि श्री देवांगन जब महापौर थे, तो उनके द्वारा कराए हुए विकास कार्यो को कोरबा के लोग आज भी याद करते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन व अशोक चावलानी, पार्षद प्रेमलता बंजारे, युगल कैवर्त, रमाशंकर साहू, प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के प्रधान जतीन्दर सिंह, परविंदर सिंह भाटिया, अमरीक सिंह धंजल, गुरूभेज सिंह, अमृत सिंह, रघुवीर सिंह, सोनू भाटिया, सुखविंदर सिंह, देवेन्दर सिंह, जसप्रीत कौर, जसवीर कौर, सुखविंदर सिंह धंजल, लक्ष्य चतुर्वेदी, इन्द्रराज सिंह भाटिया, करतार सिंह, जगवीर सिंह, हरदीप सिंह, बलविंदर सिंह, करणजीत कौर, चरणजीत कौर, जसवीर सिंह जस्सी, करनदीप सिंह, हरचरण सिंह, जसपाल सिंह आदि के साथ काफी संख्या में सिख समाज के नागरिकबंधु व अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।